# <u>प्रेस नोट जनपद खीरी</u>

**<u>दिनाँक 30.04.2026</u>**

**<u>पुलिस अधीक्षक महोदया खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी ।</u>**

**थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा, 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी के नेतृत्व में दिनांक 30.04.2026 को थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 228/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस में वांछित अभियुक्त सलमान खान पुत्र रियाज खान नि०ग्राम अकूबपुर थाना जलालाबाद जिला शाहजहापुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

**1.**सलमान खान पुत्र रियाज खान नि०ग्राम अकूबपुर थाना जलालाबाद जिला शाहजहापुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

**1.**उ0नि0 संजीत तिवारी थाना मोहम्मदी जनपद खीरी
2.हे0 का0 अशोक तिवारी थाना मोहम्मदी जनपद खीरी
3.का0 अनूप कुमार थाना मोहम्मदी जनपद खीरी

**पुलिस लाइन सभागार में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) महोदय एवं प्रभारी मिशन शक्ति सेल द्वारा जनपद के समस्त थानों पर संचालित मिशन शक्ति केन्द्रों के प्रभारीगण एवं महिला आरक्षियों के साथ मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई**













आज दिनांक 30.04.2026 को जनपद खीरी स्थित पुलिस लाइन सभागार में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) महोदय एवं प्रभारी मिशन शक्ति सेल द्वारा जनपद के समस्त थानों पर संचालित मिशन शक्ति केन्द्रों के प्रभारीगण एवं महिला आरक्षियों के साथ मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी के दौरान श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) महोदय द्वारा मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक मिशन शक्ति केन्द्र पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित करें तथा उनकी समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण सुनिश्चित करें।

प्रभारी मिशन शक्ति सेल द्वारा उपस्थित महिला आरक्षियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से विद्यालयों, कॉलेजों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें तथा महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112

आदि) एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करें। साथ ही, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से भी जन-जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

गोष्ठी में यह भी निर्देश दिए गए कि महिला संबंधी अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िताओं को समुचित सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा आवश्यकतानुसार चिकित्सा, विधिक एवं मनोसामाजिक सहयोग सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक थाना स्तर पर मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों का समुचित अभिलेखीकरण एवं फोटोग्राफी कर नियमित रूप से उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने के निर्देश भी दिए गए।

अंत में, सभी प्रभारीगण एवं महिला आरक्षियों को निर्देशित किया गया कि वे मिशन शक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने हेतु पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा अभियान के उद्देश्यों की प्राप्ति में सक्रिय योगदान दें।

**थाना निघासन  पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी निघासन के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक निघासन के नेतृत्व में आज दिनांक 30.04.2026 को थाना निघासन पुलिस द्वारा मु0सं0 1164/2025  धारा 128 द0प्र0सं0 में वारण्टी अभियुक्त रेहाम रजा पुत्र इसराक अली निवासी ग्राम रकेहटी  थाना निघासन जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों का विवरण-**

**1.** रेहाम रजा पुत्र इसराक अली निवासी ग्राम रकेहटी  थाना निघासन जनपद खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

**1.**उ0नि0 अर्जुन सिंह थाना निघासन जनपद  खीरी

2.हे0का0 राजकुमार सिंह थाना निघासन जनपद  खीरी

3.का0 सूरज कुमार थाना मोहम्मदी खीरी

**थाना शारदानगर पुलिस द्वारा, 01 वांछित अभियुक्त अंकित उर्फ गौरव पुत्र मिहीलाल को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक शारदानगर के नेतृत्व में आज दिनांक 30.04.2026 को थाना शारदानगर पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 88/2026 धारा 64(1)/137(2)/351(3)352/96 BNS व 3/4/17/18 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 अभियुक्त अंकित उर्फ गौरव पुत्र मिहीलाल नि0 ग्राम हरदुआ थाना शारदानगर जनपद खीरी को गिरफ्तार गया। गिरफ्तार किये गये वांछित अभियुक्त को कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. अंकित उर्फ गौरव पुत्र मिहीलाल नि0 ग्राम हरदुआ थाना शारदानगर जनपद खीरी

**अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग**

मु0अ0सं0 88/2026 धारा 64(1)/137(2)/351(3)/352/96 बीएनएस व 3/4/17/18 पाक्सो एक्ट

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम**

1.प्र0नि0 बृजमोहन थाना शारदानगर खीरी

2.हे0का0 फतेह बहादुर वर्मा थाना शारदानगर खीरी

3.का0 करन कुमार थाना शारदानगर खीरी,

4.का0 शैलेन्द्र सिंह थाना शारदानगर खीरी,

5.का0 शिवम मिश्रा थाना शारदानगर खीरी

**थाना सिंगाही पुलिस द्वारा, 13 वर्षीय गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।**




पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में गुमशुदा/अपहृताओं की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे "आपरेशन मुस्कान" के तहत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी निघासन के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक सिंगाही के नेतृत्व में आज दिनांक 30.04.2026 को थाना सिंगाही पुलिस द्वारा 13 वर्षीय गुमशुदा बालक अंशु पुत्र विनोद गुप्ता निवासी वार्ड नं0 13 कस्बा व थाना सिंगाही जनपद खीरी को सकुशल बरामद किया गया। दिनांक 28.04.2026 को उक्त बालक की गुमशुदगी के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई थी जिसका त्वरित संज्ञान लेते हुए मु0अ0सं0 79/26 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत कर गुमशुदा की तलाश हेतु सिंगाही पुलिस द्वारा टीम का गठन किया गया और तलाश हेतु गठित टीम के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर सीसीटीवी कैमरो व गुमशुदा की फोटो दिखाकर लोगो से जानकारी की गई एवं सर्विलांस व तकनीकी सहायता ली गयी। जिसके फलस्वरूप गुमशुदा अंशु उपरोक्त को जीआरपी मथुरा की सहायता लेते हुए जनपद मथुरा से 48 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद किया गया। गुमशुदा को उसके परिजनो को विधिक कार्यवाही पश्चात सुपुर्द किया गया। गुमशुदा की सकुशल बरामदगी होने पर परिजनो व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा समस्त सिंगाही पुलिस टीम की सराहना एवं प्रशंसा की जा रही है।

**नाम पता गुमशुदा व्यक्तिः-**

* अंशु पुत्र विनोद गुप्ता निवासी वार्ड नं0 13 कस्बा व थाना सिंगाही जनपद खीरी उम्र करीब 13 वर्ष

**गठित टीम का विवरणः-**

1. उ0नि0 श्री मो० कलाम खाँ थाना सिंगाही जनपद खीरी।
2. का0 मो0 उमर थाना सिंगाही जनपद खीरी।